# –::– छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन –::–

– प्रधान–कार्यालय, ग्राम–झांझ, सेक्टर–24, नवा रायपुर अटल नगर (छ0ग0) –

स्पीड पोस्ट

क्र0 / 2995 / छगवेका / मु0 / स्था0 / गो0प्र0 / 2022 / 2022–23 / रायपुर, दिनांक–15/03/23

प्रति,

समस्त अधिकारी / कर्मचारी,
छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन,
मुख्यालय रायपुर एवं शाखा छत्तीसगढ़।

विषयः–वर्ष 2022–23 की वार्षिक गोपनीय–प्रतिवेदन के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण बाबत्।

–––00–––

विषयांतर्गत, निगम में कार्यरत प्रत्येक **नियमित अधिकारी / कर्मचारियों** के वर्ष 2022–23 का वार्षिक गोपनीय–प्रतिवेदन पत्रक इस वर्ष निर्धारित **समय–सीमा में दिनांक 30.04.2023 तक ऑनलाइन** ही मुख्यालय रायपुर को प्रस्तुत किया जाना है।

ऑनलाइन गोपनीय प्रतिवेदन जानकारी भरने के संबंध में निगम में कार्यरत प्रत्येक अधिकारी / कर्मचारी द्वारा अपनी जानकारी स्वयं अपने लॉगिन आईडी से भरा जाना है, जिसके संबंध में निर्देश इस प्रकार है :–

1. निगम के आधिकारिक वेबसाइट **http://cgswc.cgstate.gov.in** को ओपन करें।
2. वेबसाईट ओपन होने के बाद बांयी ओर प्रदर्शित **Online Systems** पर क्लिक करने पर प्रदर्शित पेज के बिन्दु क्र0 3 स्थापना माडूल के Link1 या Link2 पर क्लिक करें।
3. स्थापना माडूल के Link1 या Link2 पर क्लिक करने के पश्चात् प्रदर्शित वेबपेज में अपना **User Name** एवं **Password** एंट्री कर **Submit** बटन पर क्लिक कर लॉगिन करें।
4. लॉगिन करने के पश्चात् वेबपेज के बांयी ओर गोपनीय प्रतिवेदन भरे बॉक्स प्रदर्शित होगा। **"गोपनीय प्रतिवेदन भरे"** बॉक्स पर क्लिक करने पर संबंधित जानकारी भरने हेतु दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़े तत्पश्चात् ही वांछित जानकारी की एंट्री करें। सभी जानकारी सही तरीके से भर दिये जाने के पश्चात् जोड़े बटन पर क्लिक करें। सभी जानकारी सही तरीके से भर दिये जाने के संबंध में आश्वस्त होने पर ही लॉक करे बटन पर क्लिक कर भरी गई जानकारी सेव / सुरक्षित करें।
5. गोपनीय प्रतिवेदन लॉक करने के पूर्व सुधार पर क्लिक कर इंद्राज की गई जानकारी में सुधार किया जा सकता है। **लॉक होने के पश्चात्** विवरण में किसी प्रकार का सुधार नहीं किया जा सकेगा।
6. अधिकारी / कर्मचारी के संबंधित वर्ष में अंतिम मतांकन की जानकारी हेतु जोड़े बटन के दांयी ओर रिपोर्ट बटन पर क्लिक करने पर संबंधित वर्ष का चयन कर उस वर्ष का अंतिम मतांकन देखा जा सकता है। अंतिम मतांकन नहीं होने की स्थिति में मतांकन पेंडिंग प्रदर्शित होगा।

........02

7. यदि उक्त ऑनलाइन गोपनीय प्रतिवेदन भरे जाने पर किसी प्रकार की तकनीकी समस्या हो तो मुख्यालय के प्रोग्रामर सेक्शन के ईमेल आईडी tscgswc@gmail.com पर मेल करें तथा किसी अधिकारी/कर्मचारी के व्यक्तिगत जानकारी जैसे :- जन्म तिथि, निगम में प्रथम उपस्थिति दिनांक, पदस्थी स्थल, योग्यता इत्यादि में किसी प्रकार की विसंगति परिलक्षित होने की स्थिति में सुधार हेतु मुख्यालय के स्थापना अनुभाग के ईमेल आईडी swc.mgrpersonnel@gmail.com पर मेल कर सुधार करवाया जा सकता है।

प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित

प्रबंधक कार्मिक

क्र0/2995/छगवेका/मु0/स्था0/गो0प्र0/2022/2022-23/रायपुर, दिनांक-15/03/23

**प्रतिलिपि-सूचनार्थ प्रेषित।**

1. निज सचिव, प्रबंध संचालक, छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन, मु0 अटल नगर, रायपुर।
2. प्रबंधक (कार्मिक/लेखा/वाणिज्य/वैज्ञानिक भण्डारण एवं गुणवत्ता नियंत्रण), नोडल आई0टी0, कार्यपालन अभियंता, छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन, मु0 अटल नगर, रायपुर।
3. नोडल आई0टी0, छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन, मु0 अटल नगर, रायपुर को निर्देशित है कि उक्त पत्र निगम की वेबसाइट में अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें।
4. मास्टर नस्ती हेतु।

प्रबंधक कार्मिक